हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025



04 कचरे और गंदगी से अटा पड़ा है मंडी परिसर...



07 आईएएस वर्मा के विरोध में आक्रोश, सर्व ब्राह्मण...



## खबर संक्षेप

### लौह पुरुष की जयंती पर यूनिटी मार्च आज

**विदिशा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज गुलाबगंज मंडल में यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। पदयात्रा में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे सानवी वेयरहाउस, हथियाखेड़ा से होगा। पदयात्रा मढ़ी चौबीसा, मेहंदेर रेस्ट हाउस, दांगी धर्मशाला, शासकीय अस्पताल गुलाबगंज, गांधी चौक और बर्री बैंक चौराहा से होकर गुलाबगंज हाट बाजार पहुंचेगी, जहां आम सभा आयोजित की जाएगी।

### एएसआई संतोष वर्मा का पुतला आज फूंका जाएगा

**विदिशा।** एएसआई संतोष वर्मा का आज शुक्रवार को पुतला जलाया जाएगा। ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पंडित विवेक शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे ओवर ब्रिज के अंतिम छोर पर सिविल लाइन थाने के पास एकत्रिकरण होगा। उन्होंने मातृ शक्ति और समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### विधायक ने दो वार्डों में भ्रमण किया जनसंपर्क



**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता पुनः निरीक्षण एवं संशोधन सूची कार्यक्रम के तहत विधायक मुकेश टंडन ने गुरुवार को वार्ड 17 एवं 18 के पुरानीनगर पालिका क्षेत्र, चुना वाली गली, ढलकपुरा, अटल गैस एजेंसी, रंगीपुरा चौराहा और श्रीजी गली में जनसंपर्क किया। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची सुधार के लिए आवश्यक जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम में संतोष शर्मा, पंकज पांडे, प्रशांत, पार्षद रविंद्र पासी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव में हुआ फुटबाल मैच



**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत गुरुवार को स्टेडियम में फुटबॉल मैच हुआ। जिसमें प्रथम मैच ट्रिनिटी स्कूल और पौआनाला एफसी के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिनिटी स्कूल की फुटबॉल टीम ने 5 -0 से पौआनाला टीम को हराकर अगले राउंड में पहुंची। दूसरा मैच बेत्वांचल एफसी विरुद्ध ओलंपिस स्कूल एचसी के बीच हुआ। जिसमें बेतवा आंचल की टीम ने ओलंपस पर 5 -0 से विजयश्री हासिल कर अगले मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। मैच के ऑफिशल वीएस बुंदेला, ज्योति राजपूत प्रशिक्षक आमिर खान, रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, एवं अरविंद राज राजपूत एवं सीनियर खिलाड़ियों में सहयोग किया।

पुलिस ने 32 स्थायी वारंट, 115 गिरफ्तारी वारंट और 126 जमानती वारंट तामील किए

# एसपी सहित 357 पुलिसकर्मी उतरे मैदान में, 719 ठिकानों पर दी दबिश

**अवैध शराब के विरुद्ध 24 प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 69.93 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जुआ-सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3 प्रकरणों में 11 आरोपी पकड़े गए।**



जिलेभर में एक साथ पुलिस ने दो दिन तक रात में चैकिंग अभियान चलाकर गुंडे बदमाशों की निगरानी कर कई जगह पर कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 26–27 नवंबर की रात एक व्यापक नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया।

यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह और पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के नेतृत्व में संचालित हुआ। अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 357 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। स्वयं एसपी रोहित काशवानी पूरी रात मैदानी स्तर पर मौजूद रहे। उनके साथ 1 एएसपी, 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी भी तैनात रहे। इस समन्वित पुलिस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर रोक, वारंटियों पर कार्रवाई और रात में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। कार्रवाई के दौरान पुलिस दलों ने जिलेभर में 719 से अधिक स्थानों पर दबिश देकर गहन जांच की। पुलिस ने 32 स्थायी वारंट, 115 गिरफ्तारी वारंट और 126 जमानती वारंट तामील किए। इसके अलावा 8 जिला बदर व्यक्तियों की जांच की गई, तथा 109 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी की गई। पुलिस टीमों ने 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश देकर आपराधिक गतिविधियों की जानकारी जुटाई।

## रात में जांच कर 109 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी की गई



रात में की गई जांच पड़ताल के दौरान एसपी रोहित काशवानी, सीएसपी अतुल सिंह सहित विभिन्न थानों के टीआई भी मौजूद रहे।

अभियान में अवैध गतिविधियों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। अवैध शराब के विरुद्ध 24 प्रकरण दर्ज कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 69.93 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जुआ-सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3 प्रकरणों में 11 आरोपी पकड़े गए। वहीं एक व्यक्ति को देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया गया है। नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन से जिले में अपराधियों में हड़कंप देखा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

गोहरगंज रेप पीड़िता को न्याय दिलाने संगठनों का प्रदर्शन

# आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने आज विदिशा बंद का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रायसेन जिले के गोहरगंज में 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जताई। संगठनों ने ज्ञापन में कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आज शुक्रवार विदिशा बंद का आह्वान किया है। शाम को विभिन्न संगठन के युवा जुलूस के रूप में निकले और नारेबाजी कर विदिशा बंद का आव्हान किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



### गौहरगंज की घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गुलाबगंज।** रायसेन जिले के गोहरगंज में 6 वर्ष की मासूम के साथ हुई घटना को लेकर गुरुवार को सकल हिंदू समाज व सनातन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा गांधी चौक पर धरना दिया गया। धरना के बाद जुलूस के रूप में पैदल मार्च कर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमे आरोपी को शीघ्र पकड़कर फांसी देने की मांग की गई है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सकल हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

संगठन के सदस्यों ने कहा कि यदि इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो वे गोहरगंज की ओर कूच करेंगे। उल्लेखनीय है कि घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आया है।

### निरीक्षण कर समितियों की कार्यप्रणाली व वित्तीय स्थिति की समीक्षा की

**विदिशा।** सहकार भारती की अखिल भारतीय महिला प्रमुख रेवती दीदी का 27 नवंबर को विदिशा प्रवास हुआ। उन्होंने देवखजूरी व करारिया पैक्स समितियों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली व बैंक की वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। कृषकों से टोकन व्यवस्था व खाद वितरण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। द्वितीय चरण में जिला सहकार भारती की बैठक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय में आयोजित हुई।

## पंद्रह दिन से धरने पर बैठे भाजपा पार्षद अब नेताओं को जवाब देने बना रहे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर विकास और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले पंद्रह दिनों से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद नीमताल चौराह स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठे हुए हैं।

सिर्फ एक बार विधायक और नपाध्यक्ष ने पार्षदों से चर्चा कर धरना समाप्त करने के लिए बात की। इसके बाद पार्षदों से मिलने कोई नहीं पहुंचा। अब नेताओं को जवाब देने पार्षद रणनीति बना रहे हैं। गुरुवार को भी पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना, राजेश लोधी, अशोक जाट, जमना कुशवाह, सतीष यादव धरने पर बैठे रहे। पार्षद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी मिले थे। उन्होंने संगठन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया था।

### मोहनगिरी इलाके में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**फांसी लगाकर सुसाइड की कोशिश, इलाज के दौरान मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोहनगिरी इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। परिजनों ने उसे समय रहते नीचे उतारा और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ऋषि रजक के रूप में हुई है, जो हलवाई का काम करता था। घटना के समय ऋषि की मां और बहन घर में मौजूद थीं। उन्होंने ऋषि को पंखे से लटका हुआ देखा और तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज में करीब एक घंटे तक चले इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## आईएएस वर्मा की टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

कुरवाई में ब्राह्मण समाज ने गुरुवार को नवीन तहसील भवन पहुंचकर एसडीएम मनीष जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया।

समाज ने कहा कि ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी से न केवल समाज बल्कि संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान हुआ है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। समाज ने ज्ञापन में मांग की कि संतोष वर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस प्रकार की मानसिकता प्रदर्शित करने का साहस न कर सके। ज्ञापन सौंपने के बाद समाजजन थाने भी पहुंचे और पुनः कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शासकीय स्कूल के जरूरतमंद छात्रों को गर्म कपड़े वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



मानव सेवा न्यास नंदवाना स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में जरूरतमंद छात्रों को गर्म कपड़े वितरित किए।

संस्था के अध्यक्ष रमेश मंगल के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने लगभग 200 बच्चों को स्वेटर व ऊनी वस्त्र प्रदान कर सर्दी से बचाव का संबल दिया। कार्यक्रम में सचिव मानसिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अग्रवाल, अनाज तिलहन व्यापार महासंघ अध्यक्ष राधेश्याम महेश्वरी, अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनमोहन बंसल, पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सोनकर सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष रमेश मंगल ने भविष्य में भी बच्चों व जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया। यह जानकारी मानव सेवा न्यास के सचिव मानसिंह रघुवंशी द्वारा दी गई।

## प्रतिभा विकास संस्थान में रतनशी शाह जन्म जयंती सेवादिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




प्रतिभा विकास संस्थान में गुरुवार को वरिष्ठ समाजसेवी रतनशी शाह की जन्म जयंती सेवा दिवस के रूप में श्रद्धाभाव से मनाई गई।

पूरनपुरा स्थित प्रतिभा विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश वाजपेयी ने बताया कि संस्थान के भवन निर्माण हेतु 4000 वर्गफीट भूमि दान करने वाले शाह परिवार के पितृ पुरुष रतनशी शाह की स्मृति में प्रतिवर्ष सेवादिवस का आयोजन किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कक्षाओं के 15 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथि प्रखर गांधीवादी, लेखक एवं व्यंग्यकार डॉ. सुरेश गर्ग ने रतनशी शाह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर क्षेत्र में उनकी गहरी छाप रही है और ऐसा अद्भुत व्यक्तित्व दुर्लभ होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रतनशी शाह स्मृति न्यास के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि रतनशी शाह नवाचार के प्रतीक थे। उन्होंने विदिशा में पहली प्रिंटिंग प्रेस, रसोई गैस और लायंस क्लब जैसे कई उपक्रमों की शुरुआत की और सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं में सक्रीय रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5660
सरसों
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-7680
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5500
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6430
उड़द
न्यूनतम भाव-3410
उच्चतम भाव-5500
मक्का
न्यूनतम भाव-850
उच्चतम भाव- 1580
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2411
उच्चतम भाव-4600
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3410
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-2830
ज्वार
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5120
तुअर
न्यूनतम भाव-5550
उच्चतम भाव- 5550
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
बटरी
न्यूनतम भाव-2710
उच्चतम भाव-2710

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 39513 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## मंडी बोर्ड के ईई ने किया निरीक्षण, व्यापारियों ने की शिकायत

# कचरे और गंदगी से अटा पडा है मंडी परिसर, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय कृषि उपज मंडी में इन दिनों प्रशासनिक अनदेखी के चलते अव्यवस्थाएं लगातार बढती ही जा रही हैं। मंडी में साफ सफाई की कोई व्यवस्था न होने से जहां किसानों को असुविधा हो रही है, तो वहीं व्यापारियों को भी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। गुरूवार को मंडी बोर्ड के ईई बाल मुकुंद मिश्रा निरीक्षण पर आए तो व्यापारियों ने अव्यवस्थाओं पर आपत्ति दर्ज कराते हुए अपनी शिकायत भी दर्ज कराई।






यहां उल्लेखनीय है कि नगर की कृषि उपज मंडी संभाग की अव्वल मंडियों में शामिल है और इस मंडी से मंडी बोर्ड को अच्छा खासा राजस्व भी प्राप्त होता है, लेकिन ए श्रेणी की मंडी होने के बावजूद प्रशासनिक अनदेखी के चलते यहां किसानों, व्यापारियों को उस स्तर की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिससे कचरे, गंदगी, असुरक्षा के बीच ही किसानों और व्यापारियों के साथ मजदूरों को भी काम करना पड रहा है। जिससे नित नई परेशानियां भी उन्हें उठानी पडती हैं। व्यापारियों एवं किसानों का कहना है कि मंडी में सफाई का ठेका होने के बावजूद कई दिनों से सफाई नहीं हुई है और जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। वहीं पानी की टंकियों के पास की नाली साफ न होने से पूरे परिसर में पानी फैलता रहता है। जिससे नीलामी भी प्रभावित होती है। इसी तरह मंडी में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी नहीं जांची जा रही है। जिससे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य चल रहे हैं। रात के समय नीलामी परिसर में अंधेरा रहता है और गार्ड नियुक्त होने के बाद भी किसानों एवं व्यापारियों की उपज चोरी हो जाती है। इन सब अव्यवस्थाओं से सभी परेशान हो रहे हैं।





गुरूवार को मंडी बोर्ड के ईई बालमुकुंद मिश्रा निर्माण कार्यों का जायजा लेने आए। जिनके समक्ष व्यापारियों एवं किसानों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ ही अव्यवस्थाओं को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और अपनी शिकायतें भी प्रस्तुत करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग रखी। उधर मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर मंडी सचिव सोहन लाल ने बताया कि ईई यहां निर्माण कार्य देखने और आगामी निर्माण की संभावना का जायजा लेने आए थे। मंडी में सफाई का नया टेंडर हो गया है, लेकिन स्वीकृति नहीं आई है। इसलिए पुराने ठेकेदार से ही सफाई कराई जा रही है। नियमित सफाई न होने पर ठेकेदार के बिल में कटौती की गई है। मंडी सचिव ने बताया कि आज उन्होंने स्वयं सफाई एवं टंकियों के आसपास से जल निकासी कराई है। आगे भी मंडी में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने की कोशिश जारी रहेगी।

## बीमा कंपनी अधिवक्ताओं के साथ बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 13 दिसम्बर को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण ,विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखे जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बुधवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श हेतु बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त आयोजित बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। जिसमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अजीत सिंह चावला अधिवक्ता, राकेश कुमार अरोरा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, अखिलेश लाहोरी, अर्जुन सिंह कुर्मी, शिवकांत कुर्मी, मंजु जैन उपस्थित हुए। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा की गई एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया जागरुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल त्योंदा में बाल विवाह निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिताऐं आयोजित की गईं एवं रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रामदेव बाबा मंदिर में भजन संध्या आज



**गंजबासौदा।** नगर के राजेंद्र नगर रामदेव बाबा मंदिर परिसर में शुक्रवार को एक शाम श्री धाम बासौदा दरबार के नाम से भव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में जोधपुर, राजस्थान से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक मंडली मशरूम मनचला एवं पार्टी अपनी मधुर वाणी से भक्तिमय वातावरण का संचार करेगी। मंच पर भक्तिरस, भक्ति भावना और राग-रंग से सजी मनमोहक प्रस्तुतियां श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देंगी। मशरूम मनचला अपनी विशिष्ट शैली के लिए देशभर में लोकप्रिय हैं, भजन संध्या में उनकी प्रस्तुति अनूठा आकर्षण रहने वाली है। राजेंद्र नगर के रामदेव नगर भजन संध्या रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं, माताओं तथा बहनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर परिवार सहित भजनों का आनंद प्राप्त करें और धर्म लाभ अर्जित करें।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 95 रोगियों का परीक्षण किया जाकर औषधी प्रदान की गई। स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर माया सिंह द्वारा किया गया एवं औषधि वितरण रमेश कुमार गुजराती द्वारा किया गया। साथ ही दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली औषधियों आदि की जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मौसमी फल, सूखे मेवे एवं खानपान, आहार, बिहार की जानकारी दी गई, साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### चोरी हुई बाइक बरामद



**गंजबासौदा।** गुरुवार को बरेठ रोड स्थित चर्च वाली गली से चोरी हुई एक बाइक बरामद कर ली गई है। इस मामले में दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रानू जैन की स्टार सिटी बाइक MP 40 MU 1553 उनके घर के बाहर से चोरी हो गई थी। गली में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक युवक उनकी बाइक ले जाता हुआ दिखाई दिया। घटना के बाद बाइक मालिक रानू जैन ने दोस्तों और सोशल मीडिया के माध्यम से चोरों की तलाश शुरू की। दोस्तों से मिली जानकारी के आधार पर, रेलवे स्टेशन के पास चार नाबालिगों को रानू जैन की चोरी हुई बाइक के साथ देखा गया। मौके पर पहुंचने पर दो नाबालिग भागने में सफल रहे, जबकि दो को पकड़ लिया गया। पकड़े गए इन्हीं नाबालिगों के पास से चोरी हुई बाइक बरामद कर ली गई। दोनों नाबालिगों को शहर थाना पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले में शिकायत दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

## कलियुग के विकारों को धोने का सहज साधन है श्रीराम कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सत्य के संग रहने वाला व्यक्ति जीवन में हर क्षण भगवान के आश्रय में रहता है, जो भगवान में विश्वास रखते हैं, वे सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपनी दशा को दस वर्षों में ही उज्ज्वल बना लेते हैं। सत्य का अनुसरण करने वाला व्यक्ति ऊपर उठता है और असत्य से स्वयं दूरी बन जाती है। असत्य का कोई अस्तित्व नहीं, वह थोड़े समय का धोखा है और अंततः व्यक्ति को अंधकार में ही ले जाता है। उक्त उद्गार प्रेम मूर्ति प्रेमभूषण महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव दरबार में आयोजित देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीरुद्र महायज्ञ के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा कथा का वाचन कर रहे हैं। महाराज ने कथा के तृतीय दिवस यह दिव्य संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में दस वर्ष की एक विशेष दशा आती है और वही दस वर्ष भविष्य का स्वरूप गढ़ते हैं। इन वर्षों में यदि मनुष्य सत्य का आश्रय ले ले, तो उसका जीवन निखर जाता है और यदि असत्य की ओर झुक जाए तो जीवन का पतन प्रारंभ हो जाता है। कथा में भगवान के प्राकट्य प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि संसार में भगवान कुछ नहीं करते, प्रकृति की अपनी व्यवस्था ही सब संचालित करती है। हमारा चित्त जैसा होता है, वैसी ही संगति मिलती है सत्संगी को सत्संग और कुसंगी को कुसंग।"उन्होंने कहा कि भगवान तक पहुँचने के लिए उन्हें 'मानना' आवश्यक है। कोई हमें मनवा नहीं सकता। भगवान को स्वयं मानना पड़ता है, तभी उनको जाना जा सकता है। परिवार में थोड़ी कमी बनी रहे यही भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए। महाराज ने कहा यदि सब कुछ पूर्ण हो जाए तो मनुष्य भगवान को भूल जाता है। इसलिए जीवन में थोड़ी कमी बनी रहे तो वह ईश्वर की याद दिलाती रहती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सोचना गलत है कि सब कुछ राम जी कर देंगे। प्रयास और परिश्रम तो मनुष्य को स्वयं ही करना पड़ता है। महाराज ने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्ति-भाव से भर दिया। बड़ी संख्या में रामकथा प्रेमी भजनों के आनंद में झूमते नजर आए। कथा के दौरान रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक, पंडित केशव शास्त्री, मुख्य यजमान अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, धाम के प्रधान सेवक श्याम भैया आदि ने व्यासपीठ पूजन एवं आरती में सहभागिता निभाई। काम, क्रोध, लोभ, मद और मत्सर को कलिमल बताते हुए महाराज ने कहा श्रीरामकथा इन सभी विकारों को काटने और मन को पवित्र करने का सरल साधन है। मानस में लिखा है, जो कथा को सुनता, कहता और गाता है, वह सभी प्रकार के सुखों को पाकर अंत में प्रभुधाम को प्राप्त करता है।

### गोदाम से सीसीटीवी कैमरे की एलईडी स्क्रीन, डीवीआर चोरी



**गंजबासौदा।** बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात रुचिला प्रोडक्ट के गोदाम में चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। उन्हें गोदाम में नकदी या कोई कीमती सामान नहीं मिला। सुबह गोदाम मालिक वीरेंद्र जैन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने गोदाम के ताले टूटे हुए पाए। अंदर देखने पर पूरा सामान बिखरा हुआ था और सीसीटीवी कैमरे की डिवाइस गायब थी। वीरेंद्र जैन ने तत्काल शहर थाना पुलिस को सूचना दी, पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। इस संबंध में शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

## गीता केवल ग्रंथ नहीं जीवन का है मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, वह जीवन का मार्गदर्शन है, संकट में प्रकाश है और भ्रम में समाधान है। कुरुक्षेत्र की रणभूमि में 45 मिनट के इस दिव्य संवाद में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भक्ति योग, ज्ञान योग, कर्म योग, प्रेम योग और दर्शन योग को एक सूत्र में पिरोकर गीता के रूप में मानवता को अनंत काल का ऐसा दीपक सौंप। जिसके प्रकाश से आज भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को मार्गदर्शन मिल रहा है। गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन श्रृंखला में भागवताचार्य, गीता मर्मज्ञ भगवान प्रसाद जी शास्त्री मानस रत्न ने उक्त विचार गीता जयंती महोत्सव में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में प्रथम दिन गुरुवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। शास्त्री जी ने कहा कि जब जीवन की परिस्थितियाँ अत्यंत विषम हों, जब मनुष्य का हृदय टूटने लगे और दिशा धुंधली पड़ जाए तभी भगवान श्रीकृष्ण की वाणी के रूप में गीता जीवन में नया प्रकाश जगाती है। अर्जुन की व्याकुलता केवल युद्ध की चिंता नहीं थी, वह मानव मन का संकट था और जब मनुष्य टूटता है, तभी गीता जन्म लेती है। प्रवचन का शुभारंभ नौलखी खालसा परंपरा के सिद्ध संत बाबा बैकुंठवासी बाबा जगन्नाथ दास महाराज के चित्र के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश माथुर, वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, मनोज अग्रवाल, देवेंद्र वर्मा, हरिओम भावसार, मनोज अग्रवाल, सुरेश तनवानी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे। श्री सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में 1 दिसंबर तक यह आयोजन केसी तिवारी पूर्व मार्केटिंग समिति प्रबंधक द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. शांति देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है। समिति ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत गीता पर विशेष प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित हो रहा है। आज की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गीता का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है।

## भाजपा ग्रामीण सिरनोटा मंडल के तत्वावधान में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

# सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेलों का हुआ शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सांसद खेल महोत्सव में विधानसभा स्तरीय खेलों का भव्य शुभारंभ विगत दिनों शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में हुआ था। तभी से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खेल महोत्सव के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएं संचालित हो रही हैं। गुरुवार को भाजपा ग्रामीण सिरनोटा मंडल के तत्वावधान में तारण तरण जैन पाठशाला ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करने के पीछे केवल और केवल एक मात्र उद्देश्य यह ही है कि जब खेलेगा युवा तभी तो स्वस्थ रहेगा युवा। विधायक ने कहा कि खेल महोत्सव में क्षेत्र के सैकड़ों युवा हिस्सा ले रहे हैं स्वस्थ शरीर के लिए खेल कूद अत्यंत आवश्यक है। जब हम स्वस्थ रहेंगे तो निश्चित ही हमारा गांव, शहर, प्रदेश व देश स्वस्थ रहेगा। इसी परिकल्पना के पुनीत उद्देश्य से सारे देश में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार संपूर्ण देश में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी खिलाड़ियों से खेल प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है। इस प्रतियोगिता में कबूलपुर कुचोली सिरनोटा के बीच मैच हुआ। जिसमें सिरनोटा की टीम विजेता घोषित की गई। पश्चात खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिए गए। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रमुख रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. राकेश सिंह जादौन, जितेंद्र मीणा, चंद्रशेखर दुबे, सिरनोट मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, रूपेंद्र शर्मा, जनपद सीईओ तपस्या जैन , खेल अधिकारी बृजेंद्र सिंह रावत सहित ग्रामीण अंचल के अनेक खिलाड़ी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने भी बल्ला थामकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर हैंः दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा सीएम राइज स्कूल एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और पीढ़ियों के मध्य स्नेह संवाद हेतु एक अखिल भारतीय अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत में वृद्ध आबादी तेजी से बढ़ रही है और यह सिर्फ एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक बड़ी परिवर्तनकारी चुनौती है। आँकड़े बताते हैं कि 2025 में लगभग 15.87 करोड़ लोग 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के हैं, जो कुल जनसंख्या का लगभग 11.1% है। अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 32 करोड़ हो जाएगी, जो कुल जनसंख्या का लगभग 20% होगी। वृद्धों में अकेलेपन की स्थिति देखी गई है। इसका सीधा असर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। संयुक्त परिवारों के विघटन से लेकर युवा पीढ़ी के रोजगार हेतु शहरों में पलायन, शहरी जीवन की व्यस्तता और तकनीकी जीवनशैली ने बुजुर्गों को अकेलेपन और उपेक्षा की स्थिति में ला दिया है। रेखा दीदी ने कहा कि आज की सबसे बड़ी क्षति यह है कि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से अलग होते जा रहे हैं। यह दूरी केवल बुजुर्गों के लिए ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो रही है। जहाँ बुजुर्गों को अकेलेपन और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है, वहीं बच्चों को अनुभव, परंपरा और नैतिक मूल्यों से वंचित रहना पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि जिन बच्चों का जुड़ाव अपने दादा-दादी या नाना-नानी से होता है, उनकी भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक समझ अधिक होती है।

### रहवासियों में आक्रोश क्योंकि संतोष वर्मा रह चुके हैं एसडीएम सिरोंज

# आईएएस वर्मा के विरोध में आक्रोश, सर्व ब्राह्मण महापंचायत ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज





अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में की गई कथित अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में आज सर्व ब्राह्मण महा पंचायत सिरोंज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि एक संवैधानिक एवं जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी संपूर्ण ब्राह्मण समाज के लिए अपमानजनक है तथा यह उनकी कुण्ठित मानसिकता का परिचायक है। समाज ने बताया कि इस टिप्पणी से देशभर के ब्राह्मण समाज में रोष और आक्रोश व्याप्त है तथा लोग इसे समाज की गरिमा पर हमला मान रहे हैं। सर्व ब्राह्मण महा पंचायत ने कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आईएएस संतोष वर्मा को उनके पद से तत्काल निष्कासित किये जाने व कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस प्रकार की अशोभनीय एवं असंवैधानिक टिप्पणी करने का साहस न कर सके। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि संतोष वर्मा के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो ब्राह्मण समाज द्वारा क्रमबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के लोगों ने संतोष वर्मा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उपस्थित लोगों का कहना था कि वर्मा का व्यवहार पहले भी विवादित रहा है और उनकी कार्यशैली में कई अनियमितताएँ सामने आती रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ऐसे अधिकारी को शासन में स्थान देना समाज के लिए चिंता का विषय है।सर्व ब्राह्मण महा पंचायत के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि ज्ञापन प्रशासन को चेतावनी देने के उद्देश्य से सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि समाज अपनी बेटियों की गरिमा पर किसी भी प्रकार का अपमान सहन नहीं करेगा और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. उमाकांत भारद्वाज, रजत गौड़, रामबाबू शर्मा, गोपाल शर्मा, अवध शर्मा, राकेश शर्मा, मनोज साईनाथ, नीरज शर्मा, शोभित शर्मा, पवन शर्मा, अंकित भार्गव, अंकित शर्मा, रोहिताश्व शर्मा, सतीश शर्मा, संतोष शर्मा, भारतदीप मेहता, सोनू शर्मा, ऋषि शर्मा, मनीष व्यास सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी ऐड.कपिल त्यागी ने कहॉ देश ,प्रदेश, समाज ,धर्म और जाति- व्यक्ति के लिए सर्वोपरि है राजनीति इतनी खराब हो गई कि ब्राह्मण जाति की पुत्री के बारे में एक प्रशासनिक अधिकारी गलत टिप्पणी करता है तो जिम्मेदार नेतृत्व इस पर क्यों टिप्पणी नहीं कर रहा है।

### समाज सेवी एवं पत्रकार निलेश को आईजा ने दी बधाई

# सुराणा अंतरराष्ट्रीय सनातन महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



अंतरराष्ट्रीय सनातन महासंघ ने संगठन विस्तार एवं हिंदू समाज में रचनात्मक जागृति को गति देने के लिए समाजसेवी निलेश कुमार सुराणा को सनातन महासंघ का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. हर्ष मेहता (इंदौर) एवं राष्ट्रीय संयोजक महामंडलेश्वर श्री विजेंद्रनाथ योगी जी की संयुक्त सहमति से की गई। सुराणा को यह जिम्मेदारी उनके लंबे सामाजिक अनुभव, संगठनात्मक दक्षता, निर्भीक व्यक्तित्व और राष्ट्रहित के प्रति लगातार सक्रिय योगदान को देखते हुए दी गई है। समाजसेवी सुराणा युवा जैन रत्न, हिंदू हितचिंतक की उपाधि से जल्द सम्मानित होने वाले है और ह्यहिंदू शेरह्न की उपाधि से भी सम्मानित हो चुके हैं।

नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हर्ष मेहता ने कहा कि निलेश सुराणा की कार्यशैली सदैव संगठन को मजबूती प्रदान करने वाली रही है। उन्होंने कहा कि सुराणा की निर्भीकता, कार्यकुशलता और सजग नेतृत्व क्षमता संगठन को नई दिशा देने में सक्षम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके कार्यकाल में महासंघ राष्ट्रवाद, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। महामंडलेश्वर श्री विजेंद्रनाथ योगी जी ने भी सुराणा को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका निस्वार्थ सेवा भाव और मां भारती के प्रति समर्पण आपको विशिष्ट बनाता है। आगे आपने बताया कि वे लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से संगठन को मजबूती प्रदान करते आ रहे हैं। योगी जी ने कहा कि ह्लसुराणा का दृष्टिकोण व्यापक है, वे न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सनातन महासंघ की पहचान को विस्तार देंगे।

नियुक्ति पर निलेश कुमार सुराणा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उन्होंने कहा, ह्लमैं हमेशा की तरह संगठन के माध्यम से सर्व हिंदू समाज और मां भारती की सेवा में स्वयं को समर्पित रखूँगा। मुझ पर व्यक्त किए गए विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। सुराणा की नियुक्ति पर जावरा नगर सहित पदेश के विभिन्न शहरों के समाजसेवियों, व्यापारिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, परिवारजनों एवं इष्टमित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किए। गौरतलब है कि समाजसेवी निलेशकुमार सुराणा जैन राष्ट्रीय एकता संगठन (मप्र इकाई) के प्रदेश अध्यक्ष, जीसो के राष्ट्रीय मंत्री, तथा युवक महासंघ मप्र इकाई के प्रदेश मंत्री के रूप में भी सक्रिय रहकर निस्वार्थ भाव से सामाजिक सेवा देते आ रहे हैं एवं अनेक सामाजिक संगठनो में भी आप सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे है।


# अभाविप ने वीआईटी हादसे के विरोध में किया पुतला दहन, की नारेबाजी



**सिरोंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विदिशा जिले की प्रत्येक इकाई में अपज विश्वविद्यालय का एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन किया गया।सिरोंज नगर मंत्री आशीष शर्मा ने बताया की जिस प्रकार से बीते रात वीआईटी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रसाशन द्वारा वहां पढाई कर रहे छात्रों से क्रूरता पूर्वक व्यवहार किया गया है वह असहनीय है! पहले तो छात्रों को दूषित जल एवं दूषित भोजन खिलाया जिससे वहां के सैकड़ों छात्र ज्वाइंडिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रषित हो गए फिर उनके इलाज में लापरवाही सामने आती है।

विभाग छात्रा प्रमुख वंदना यादव ने बताया की जब वहा के छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध किया तो विश्व विधालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों के द्वारा बल प्रयोग करते हुवे उन्हें बेरहमी से पिटा जाता है। बाथरूम में छात्रों की अश्लील वीडियो सामने आना। बीट विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही अभद्र घटना जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल है इन सभी के लिए वहां के छात्र-छात्राओं द्वारा आवाज उठाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अगले दिन छुट्टी घोषित कर देना ताकि विद्यार्थियों की आवाज को दबाया जा सके घटनाएं सामने आई है।

# महाविद्यालय में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बाबासाहेब डॉक्टर भीमरावअंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। प्रोफेसर अनामिका ठाकुर ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाबासाहेब के योगदान को याद किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के प्रभारी डॉ. जुगराज जाटव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान निर्माण की प्रक्रिया को बताया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी डॉ. कल्पना पंचोली के मार्गदर्शन में प्रश्नमंच एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी थीम भारतीय संविधान थी। उक्त प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे - प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष सक्सेना, रिषिता साहू, देवी सिंह प्रभाकर तथा राधिका विश्वकर्मा की टीम ए ने प्राप्त किया।

# कांग्रेस नेतृत्व का आभार, संगठन को और मजबूत बनाने का लेती हूं संकल्पः किरार

### प्रियंक किरार पुनः महिला उत्पीड़न निवारण की प्रदेश संयोजक बनीं



**सिरोंज।** कांग्रेस नेत्री प्रियंका किरार ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पुनः भरोसा जताए जाने पर हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का यह विश्वास संगठन के प्रति उनके समर्पण को और अधिक सशक्त बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चौधरी, मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ,अभा महिला की पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा,पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,प्रकोष्ठ प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान,संगठन प्रभारी संजय कामले,एवं कांग्रेस संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं का। प्रियंका किरार ने कहा कि मैं कांग्रेस के समस्त शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने मुझ पर पुनः विश्वास जताया। यह मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ संगठनात्मक जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाने का प्रेरक अवसर है। मैं कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा और संगठन की मजबूती के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करती रहूँगी। मध्यप्रदेश की बीजेपी सरकार पीड़ति शोषित मासूम बेटियों, और बहिनों एवं समाज के हर वर्ग की आवाज उठाकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना ही मेरा संकल्प है।

# धूमधाम से मनाई जंयती, रजत पालकी में मां जिनवाणी विराजमान कर निकाली शोभायात्रा

### तारण जयंती पर हुए चैत्यालय में विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सुबह से रात्रि कालीन आयोजित हुए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर में 27 नवंबर गुरुवार को तारण तरण दिगंबर जैन समाज के द्वारा आचार्य प्रवर श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज का 577 वां जन्म जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा गुरु तारण स्वामी की पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जो श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुण्य अर्जक परिवार अनिल कुमार आयुष अनुज जैन के घर पहुंची।चल समारोह में पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता पायजामा एवं महिला वर्ग केसरिया साड़ी पहन शामिल हुईं। पालकी जी शोभा यात्रा से पहले सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई।वही प्रात चैत्यालय जी में तारण त्रिवेणी का मंदिर विधि हुई। इस दौरान विविध धार्मिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पंडित मुन्नालाल जैन ने बताया कि आचार्य प्रवर श्री तारण स्वामी भावलिंगी साधु थे जो 108 मंडलों के मंडलाचार्य थे। आपके साथ 7 मुनि और 36 आर्यिका थी और श्रवको की संख्या लाखों में थी जिन्होंने अपने ज्ञान साधना से पांच मतों में 14 ग्रंथ राज की रचना की जिसमें उन्होंने माला रोहणग्रथ राज में 32 गाथाओं के माध्यम से सम्यक दर्शन की महिमा बताई।


समाज के वरिष्ठ गोपाल वासल, अनिल जैन, अशोक जैन, चंद्र कुमार जैन, राजेंद्र जैन, अजीत धारीवाल, शिरीष जैन, ज्ञानचंद जैन कमलेश जैन, दिनेश जैन, राजेश तारण, राकेश तारण, नीलेश जैन, राजेंद्र जैन एडवोकेट, जिनेंद्र जैन, अवनीत थाला वाले, नीरज जैन, अमित जैन, संदेश जैन, शक्ति तारण, प्रदीप जैन, अमित जैन पत्रकार, लोकेंद्र जैन, संजय जैन, प्रमोद जैन आदि मौजूद रहे।

# वर्मा के विवादित बोल पर परशुराम सेना, युवा ब्राह्मण परिषद व करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

**संगठनों ने ज्ञापन के माध्यम से आईएएस संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की उठाई मांग**

**ज्ञापन में दी चेतावनी 7 दिन में हो कार्रवाई, अन्यथा ब्राम्हाण संगठन करेंगे उग्र आंदोलन**



बुधवार को नगर में परशुराम सेना, युवा ब्राह्मण परिषद एवं करणी सेना के संयुक्त तत्वाधान में एसडीएम संतोष मुद्गल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि आईएएस संतोष वर्मा ने हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में आरक्षण एवं ब्राह्मण समाज की बेटियों के विवाह को लेकर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है।

संगठनों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली ऐसी टिप्पणियां न कर सके।साथ ही संगठनों ने मांग रखी कि ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से लिखित एवं मौखिक क्षमा याचना कराई जाए।

ज्ञापन सौंपते समय परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, करणी सेना के जिला अध्यक्ष सचिन राजपूत, प्रदीप द्विवेदी, राजीव पालीवाल, रामकुमार उपाध्याय, संजय शर्मा, अंकित तिवारी, शिवांश दुबे, अमरीश व्यास, अशोक तिवारी, सुरेंद्र भार्गव, दिलीप शर्मा, मनोज भार्गव, अवतांस पालीवाल, सचिन शांडिल्य, शरद उपाध्याय, नीरज बिदुआ सहित परशुराम सेना, युवा ब्राह्मण परिषद और करणी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सात दिवस में हो कार्यवाही

ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि सात दिवस के भीतर उचित एवं कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो परशुराम सेना, ब्राह्मण समाज एवं करणी सेना को व्यापक विरोध दर्ज कराने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### लौहपुरुष की 150वीं जयंती पर नगर में निकाला यूनिटी मार्च

# लौह पुरुष की दूरदर्शिता से बना अखंड भारतःसांसद

**बरहा से मांगरोल तक संतजनों युवाओं मातृशक्ति ने पदयात्रा में शामिल होकर दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में मां नर्मदा के तट बरहा कला से सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। यह यात्रा बरहा कला से प्रारंभ होकर सिवनी अलीगंज रेवा नगर कोटवार महंत से होते हुए कनक बिहारी आश्रम पुलघाट मांगरोल पहुंची। आयोजित यूनिटी मार्च में संतों युवाओं महिलाओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। मंचीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बरहाकला सिवनी अलीगंज एवं मांगरोल में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी और देश की विविधता को एकता में बदला।

उन्होंने कहा, उस समय सैकड़ों रियासतें थीं जो स्वतंत्र रहना चाहती थीं। हम जिस जगह पर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं यह भी रियासत भी भोपाल नवाब के कब्जे में थी। जिसे स्वतंत्र भारत में विलय कराने में स्थानीय लोगों की भी महती भूमिका रही है।भोपाल के नवाब ने मनमानी की कोशिश की, लेकिन लौह पुरुष के दृढ़ निश्चय और स्थानीय लोगों के विरोध के कारण उसकी एक न चली। अंततः भोपाल रियासत भारत का हिस्सा बनीं।

आजादी के समय उन्होंने पाकिस्तान समेत कई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए देश को सुरक्षित रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूती में सरदार पटेल की योगदान को भी अहम माना जाता है। चौधरी ने कहा कि भारत रत्न और देश की एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'सरदार-150 यूनिटी मार्च' आयोजित किया जा रहा है। आज जो भारत हमें अखंड स्वरूप में दिखाई देता है, उसका श्रेय सरदार पटेल की दूरदर्शिता और राजनीतिक सूझबूझ को जाता है। आज का भारत जिस रूप में एकजुट है, वह सरदार पटेल की राष्ट्रीय एकता की नींव का ही परिणाम है।

### इनकी रही उपस्थित -

कार्यक्रम में संत फरारी बाबा, बालक दास महाराज, सिवनी से संत, ब्रह्माकुमारी आश्रम से जयंती बहन पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, एसडीएम संतोष मुद्गल, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, जनपद पंचायत सीईओ दानिश अहमद खान, पार्टी के वरिष्ठ सरवन पटेल, ठाकुर जोधाराम, भबूत सिंह खूते, प्रभात चौधरी हेमंत, पटेल हेमंत बडकुर, विनोद धाकड़, अंकित राय, रवि ठाकुर, राहुल पटेल, राकेश सिमरौया हेमंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों की उपस्थित रही।

# पुराने वस्त्रों को एकत्रित कर जरूरतमंदों को किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



पिछले अनेक वर्षों से नगर की साहित्यिक संस्था निराला साहित्य जनकल्याण समिति द्वारा नर सेवा, नारायण सेवा अभियान के अंतर्गत पुराने उपयोगी वस्त्रो को एकत्रित कर जरूरतमंद गरीब परिवारों की महिलाओं, बच्चों, पुरुषों के बीच वितरण किया जा रहा है।

मंगलवार को श्री निराला समिति द्वारा नगर के विभिन्न हिस्सों से एकत्रित पुराने उपयोगी वस्त्रो को एकत्रित कर शासकीय महाविद्यालय के पास बने मजदूरों के डेरों में पहुंचकर वितरण किया गया। वस्त्रो के वितरण के दौरान समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ,समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सचिव अवध नारायण सक्सेना, भगवान दास राठी, सईद पठान की सक्रियता बनी रही। कड़ाके की सर्दी के मौसम में बच्चे और महिलाएं ऊनी, सूती वस्त्रो को पाकर प्रसन्न हो उठे। महिलाओं को साडिय़ां युवकों को पेंट शर्ट, जींस बच्चों को उनकी उम्र और कद के अनुसार प्रतिदिन उपयोगी एवं ऊनी वस्त्रो का वितरण के दौरान वस्त्रो को पाकर उनके चेहरे खिल उठे। समिति के द्वारा नगर के परिवारों से पुराने उपयोगी वस्त्रो को समिति को देने का आग्रह किया है। जिससे उन वस्त्रों का जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के मजदूर ,गरीब परिवारों में वितरण किया जा सके। वस्त्र प्रदान करने 997769 3796, 9200882630 पर संपर्क सूचना

## मंडीदीप में शांति समिति की बैठक में सभी ने एक सुर में प्रशासन को सहयोग करने का दिया आश्वासन

# लोगों ने कहा - पुलिस की लापरवाही के कारण बढ़ा आक्रोश समय रहते कार्रवाई हो जाती तो नहीं बनती यह स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को गौहरगंज के ग्राम पांजरा में हुई हृदयविदारक घटना को लेकर गुरुवार को मंडीदीप में जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिन्दू संगठनों एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों से शांति सद्भाव बनाने की अपील की गई। बैठक में हिन्दू संगठनों ने पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि घटना के प्रारंभिक चरण में पुलिस एवं प्रशासन की लापरवाही के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। अगर समय रहते पुलिस त्वरित कार्रवाई करती तो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होता।

■ एम्स में भर्ती नन्ही गुड़िया के स्वास्थ्य में सुधार

लोगों ने कहा कि इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा पीड़ित बालिका के इलाज में भी लापरवाही बरती गई। समय पर एम्बुलेंस की व्यवस्था न हो सकी, जिससे बच्ची की हालत बिगड़ती गई।

लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ग विशेष के प्रति पुलिस की लचर कार्रवाई के साथ कानून का भय पैदा करने सख्त कार्रवाई की मांग की गई। गाणमान्य लोगों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी तो अपराधों पर अंकुश लगेगा। बैठक में प्रभारी कलेक्टर, तन्मय वशिष्ट शर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता ने घटना में अब तक की जानकारी दी। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

**एसपी गुप्ता ने कहा-** जिले के साथ ही प्रदेश में एवं अन्य प्रदेशों में भी टीमें कर ही आरोपी की तलाश

शहरों से अब गांवों तक पहुंचा लोगों का आक्रोश, गुरुवार को कई कस्बों के बाजार रहे बंद, सौंपे ज्ञापन

6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी सलमान को पकड़ने में रही नाकाम

*बैठक में लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील*

*100 पुलिस कर्मियों ने फार्म हाउस, खेत-टपरों, पोल्ट्री फॉर्म, तालाब के आसपास की सर्चिंग*



### बैठक में दो हिस्सों में प्रशासन ने किया संवाद

शांति समिति की बैठक में शांति पूर्ण बात करने के लिए प्रशासन ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ अलग अलग चरण में बैठक ली। पहले चरण में हिन्दु संगठनों एवं समाज सेवियों द्वारा अपनी बात रखी गई, वहीं दूसरे चरण में मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी बात रखी। दोनों ही पक्षों ने आरोपी की गिरफ्तारी में पूरा सहयोग करने की बात प्रशासन से कही है।

### बाड़ी में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

**बाड़ी।** नगर में शांति व्यवस्था को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता थाना बाड़ी में शांति समिति की एक बैठक आहूत की गई जिसमें नगर के नागरिक राजनेता, पत्रकार, हिंदू , मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एसडीएम संतोष मुद्गल ने कहा कि उन्होंने गौहरगंज की घटना के उपरांत अफवाहो पर ध्यान न दे उन्होंने विश्वास दिलाया कि कानून की दृष्टि से जन भागीदारी बहुत जरूरी है। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के साथ लोगों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर कानून व्यवस्था को मजबूत करें और पुलिस का सहयोग करें।

एसडीओपी नीलम चौधरी, थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने लोगों को विश्वास दिलाया की कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

*चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद, पुलिस कप्तान उतरे मैदान में आरोपी की जगह-जगह कर रहे तलाश*



### सांचेत का बाजार दोपहर 2 बजे तक बंद रहा



**रायसेन।** गौहरगंज में मासूम से दरिंदगी के विरोध में गुरुवार को कस्बा सांचेत में सकल हिंदू समाज सहित हिंदूवादी संगठनों के आव्हान पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। व्यापारियों सहित समस्त नागरिकों द्वारा बाजार बंद को समर्थन देते हुए समस्त दुकानें बंद रखीं। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सभी ग्रामीणजन युवाओं, व्यापारियों ने मिलजुलकर सांचेत के गली मोहल्ले चौक से रैली नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली में प्रदर्शन कारी हाथों में आरोपी सलमान को फांसी दो की तख्तियां लेकर शामिल हुए।

### बेरखेड़ी चौराहा में बाजार बंद, दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**दीवानगंज/सलामतपुर।** जिले के गोहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सलमान की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। जिलेभर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। गुरुवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र के भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहा पर व्यापारियों ने मार्केट बंद का आह्वान किया। वहीं हिंदू संगठनों ने आरोपी का पुतला दहन कर कड़ी नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कठोर से कठोर सजा की मांग रखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा सांची मंडल अध्यक्ष एवं जिला मंत्री संतोष शर्मा, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष एवं खोहा सरपंच कालूराम मीणा सहित कई नागरिक मौजूद रहे। गौरतलब है कि मामले में 6 दिन बीतने के बाद भी आरोपी सलमान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे लोगों में और भी रोष बढ़ गया है।

### रायसेन : महामाया चौक पर जनआक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन कल

**रायसेन।** नन्ही परी के साथ दरिंदगी के मामले में जिहादी मानसिकता के विरोध में जन आक्रोश रैली एवं विशाल धरना प्रदर्शन 29 नवंबर को सुबह 11 बजे महामाया चौक में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सकल हिंदू समाज के बैनर तले होगा। इस रैली में जिले भर के सरकारी एवं निजी स्कूलों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सकल हिंदू समाज की ओर से महामाया चौक पर विशाल धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरने के पूर्व जन आक्रोश रैली शहर के प्रमुख प्रमुख मार्गो से होते हुए महामाया चौक पहुंचेगी, जहां गोहरगंज के मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं दानव सलमान को सजा-ए-मौत की मांग मुख्यमंत्री से की जाएगी।

### सिलवानी : प्राइवेट स्कूलों द्वारा विरोध रैली आज

**रायसेन।** गौहरगंज दुष्कर्म प्रकरण के आरोपी को फाँसी की सजा देने की मांग को लेकर प्राइवेट स्कूलों द्वारा विरोध रैली का आयोजन किया जा रहा है। आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बजरंग चौराहा सिलवानी से तहसील प्रांगण तक संयुक्त विरोध रैली निकाली जाएगी। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस रैली में सभी प्रायवेट स्कूलों के विद्यार्थी एवं स्टाफ सक्रिय रूप से सम्मिलित होंगे।

### दीवानगंजः आज अंबाड़ी के साथ दीवानगंज के बाजार दो बजे तक रहेंगे बंद

**दीवानगंज।** गोहरगंज क्षेत्र में हुई अमानवीय घटना के विरोध में शुक्रवार को ग्राम दीवानगंज और ग्राम अंबाडी में सभी व्यापारी और समाजसेवी द्वारा पूरा मार्केट पूर्णता बंद रखा जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाएँ क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं। चाय–पान के ठेले, सब्जी मंडी, किराना दुकानों समेत पूरे बाजार बंद रहेगा। सभी ने एकजुट होकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और फांसी की मांग को लेकर मुख्यमार्गों से रैली निकली जाएगी। दीवानगंज के भवानी चौक चौराहे पर और अंबाडी में मोतिया कुआं परिसर में इकट्ठा होकर ग्रामीण थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी और दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

---

## प्रभातफेरी से महाआरती तक आध्यात्मिक उल्लास में डूबा रहा पूरा नगर

# तारण जयंती पर उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का महासैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

महान आध्यात्मिक संत श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य महाराज की 577वीं जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को सिलवानी नगर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर दिखाई दिया। तारण तरण जैन समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे नगर को दिव्य आभा से भर दिया।

सुबह से देर रात तक णमोकार महामंत्र की पवित्र ध्वनि फिज़ा में गुंजायमान होती रही, जिससे वातावरण में अद्भुत शांति, ऊर्जा और भक्ति का संचार हुआ।

दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें समाजजन धार्मिक गीतों, स्तुतियों और जयघोषों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए। लोगों ने अपने घरों के बाहर आकर पुष्पवर्षा कर भक्ति यात्रा का स्वागत किया। प्रभात फेरी ने नगर में आध्यात्मिक उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया।

577वीं जयंती पर अखंड तारण त्रिवेणी पाठ का समापन, भव्य चल समारोह में फहराई धर्मध्वजा



### अखंड तारण त्रिवेणी पाठ का गरिमामय समापन

प्रभात फेरी के उपरांत जैन चैत्यालय में चल रहे अखंड तारण त्रिवेणी पाठ का विधि-विधान से समापन किया। पूरे परिसर में णमोकार महामंत्र का गुंजायमान होता रहा, जिसने वातावरण को पवित्र और शांतिमय बना दिया। इसके बाद आरती, चंदन और प्रसाद वितरण का आयोजन सम्पन्न हुआ।

### चैत्यालय के शिखर पर फहराई पवित्र धर्म ध्वजा

मंगलगान और जयघोषों के बीच चैत्यालय के शिखर पर केसरिया धर्म ध्वजा का आरोहण किया गया। ध्वजा फहराते ही उपस्थित समाजजन उत्साह और भक्ति से भर उठे। यह क्षण जयंती समारोह का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय दृश्य बन गया।


### चल समारोह बना दिवस का मुख्य आकर्षण

दोपहर में जैन समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चांदी से सुसज्जित पालकी में तारण स्वामी विरचित जिनवाणी ग्रंथ को विराजित किया गया। श्रद्धालु पालकी को कंधों पर उठाकर पूरे नगर में भक्ति के साथ जयकारा लगाते हुए चले।

# मौसम ने बदली करवट, बादलों ने बढ़ाई तपिश

मौसम में बार-बार आ रहे उतार चढ़ाव से लोगों की सेहत पर पड़ रहा बुरा असर, मरीजों में हो रहा इजाफा

*मौसम साफ होने के बाद बारिश की संभावना*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है आसमान पर बादल छाए हुए हैं इसकी वजह से दिन में कुछ गर्मी में बढ़ोतरी हुई है और नमी में कभी आई है। मौसम के बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है, ओपीडी में लगातार मरीजों की भीड़ इलाज कराने के लिए उमड़ रही है।

जिले में अधिकांश किसान रबी फसल की बोवनी कर चुके हैं। बहुत से किसानों की फसलों की पहली सिंचाई का समय आ गया है।लेकिन मौसम अनुरूप सर्दी न पड़ने से किसान चिंतित हैं। साथ ही कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के डॉ स्वप्निल दुबे भी इस मौसम को फसलों के अनुकूल नहीं बता रहे हैं।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. दुबे का कहना है कि फसलों के लिहाज से सर्दी एवं ओस की जरूरत है। इससे ही बीजों में अंकुरण आएगा और फसलों की ग्रोथ होगी। उनका कहना था कि अब मौसम में सर्दी बढ़ेगी और किसानों को राहत होगी। मौसम में जितनी अधिक ओस गिरेगी खेतों में नमी बनी रहेगी और कम पानी की जरूर पड़ेगी। वहीं मौसम के इस बदलाव के बाद किसानों को भी अब उम्मीद जागी है कि तेज सर्दी होगी।

### दिन में सर्दी गायब

माह नवंबर का आखिरी सप्ताह चल रहा है और मौसम के अनुसार सर्दी गायब है। इस वर्ष, पिछले साल की तुलना में जिले का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा था। ऐसे में गुरूवार को अचानक से बदले मौसम के बाद सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चली। इसका असर तापमान पर दिखा और 4 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं लोगों को भी दिन में सर्दी का अहसास हुआ।

बुधवार और गुरुवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। सुबह 9 बजे के लगभग कुछ बादल छटे तो धूप निकली। लेकिन साथ ही 10 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण लोगों को यह धूप भी राहत देती नहीं दिखाई दी। मौसम के इस बदलाव का असर यह हुआ कि दिन का अधिकतम तापमान 4 अंक गिरता दिखाई दिया। गुरूवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री रहा।

---

### सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रुपए राशि मंजूर, लेकिन सड़क बनने में देरी

**रायसेन।** जिले के ग्राम चिलवाहा के ग्रामीण कलेक्ट्रेट कार्यालय गुरुवार को रोड समस्या को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चिलवाहा से लेकर ग्रेवल रोड मुख्य मार्ग से गेरुआ घाटी तक अधर में लटका हुआ है जबकि सड़क निर्माण के लिए पंचायत के खाते में 20 लाख रुपए आ चुके हैं फिर भी सड़क निर्माण में हीलाहवाली बरती जा रही है।

महिलाओं ने बताया कि हमारे गांव का रास्ता कच्चा होने की वजह से ग्रामीणों में और भी समस्या बढ़ जाती है बीमा पडने पर मरीजोसीऔर डिलीवरी के लिए महिलाओं को मुख्य मार्ग तक पहुंचना बड़ा मुश्किल साबित होता है ।क्योंकि रास्ते पर घुटनों कीचड़ जमा हो जाती है । जिससे ग्रामीणों को आवागमन में उनको कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।हालांकि सरकारो ने कई योजनाओं के तहत सड़कों के निर्माण के बड़े-बड़े वादे दावे कर रही हैं।

## आईएएस संतोष वर्मा के बिगड़े बोल...

# ब्राह्मण समाज ने रैली निकाल कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ कथित टिप्पणी का विरोध जिलेभर में लगातार जारी है। बेगमगंज में भी सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले ब्राह्मणों ने एकजुटता दिखाते हुए रैली निकाली और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्हें बर्खास्त करने की उठाई मांग।

जिले के बेगमगंज तहसील मुख्यालय पर भी गुरूवार को नगर सहित आसपास के कस्बों गांवों से आए सर्वब्राह्मण समाज के स्वजनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए वर्मा को बर्खास्तगी की पुरजोर मांग की।

आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक एवं विवादित बयान के विरोध में आज सर्वब्राह्मण महासभा बेगमगंज-सुल्तानगंज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन के साथ समाज से जुड़े वरिष्ठजन, युवाओं एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को प्रदर्शन करने के बाद सौंपा।



इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों आक्रोशित स्वजन बंधु भारी संख्या में मौजूद रहे। ज्ञापन में सर्वब्राह्मण महासभा ने मांग की है कि एक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा किसी समाज, जाति या वर्ग के बारे में सार्वजनिक रूप से असंवेदनशील एवं विभाजनकारी बयान देना न केवल संविधान एवं आचरण नियमों का सरासर उल्लंघन है।बल्कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था के लिए भी घातक है। इसलिए तत्काल प्रभाव से आईएएस संतोष वर्मा को शासकीय सेवा से बर्खास्त करते हुए उनके विरुद्ध संबंधित विधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

कार्यकारी अध्यक्ष प, शिवनारायण व्यास, प, कृष्णकांत पांडे ने अपने संबोधन में कहाकि ब्राह्मण समाज का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी अधिकारी वर्मा पर कठोर देश द्रोह की कानूनी कार्रवाई की जाए ।वही पंडित बसंत शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो सर्व ब्राह्मण समाज आंदोलन को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। पंडित वीरेंद्र पांडे ने इसे समाज की आस्था, परंपरा और आत्मसम्मान पर चोट बताया।

वहीं ब्राह्मण महासभा के मीडिया प्रभारी राजीव दुबे ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध दर्ज कराना नागरिक अधिकार है और समाज संवैधानिक मार्ग से न्याय की उम्मीद करता है। ज्ञापन के दौरान स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। एसडीएम सौरभ मिश्रा ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि मांगों और तथ्यों को शासन तक पहुंचाया जाएगा।

ज्ञापन देने की बाद ब्राह्मण सभा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुलिस थाने में पहुंचकर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर के लिए थाना प्रभारी राजीव उइके को आवेदन दिया और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## ग्रामीणों को मिलेगी सड़क सुविधा

# बालमपुर से गीदगढ़ तक सड़क पर किया जा रहा डामरीकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बालमपुर से लेकर गीदगढ़ गांव तक लगभग 3 किलोमीटर की सड़क प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत 2014 में बनी थी। जिसमें गांव के अंदर और रहवासी इलाके में आरसीसी बनाया था। बाकी जगह पर ठेकेदार द्वारा डामरीकरण किया था।

2014 से लेकर अब तक रोड पर डामरीकरण नहीं हुआ, इस कारण रोड जगह-जगह खराब हो गई थी। अब नए ठेकेदार ने डामरीकरण का ठेका लिया है, जिसका कार्य दो दिनों से गीदगढ़ मार्ग पर चल रहा है। रोड पर नए सिरे से डामरी कारण होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

ग्रामीणों ने बताया कि रोड पर डामरीकरण होने से आवागमन सुलभ होगा तथा छात्र छात्राओं को भी इसकी सुविधा मिली।